स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

प्रेस नोट संख्याः 302, दिनांक 13—10—2024

थाना मानपाड़ा, जिला थाणे शहर, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0—1113/2024 धारा 64, 64(2)(एम), 351(3) बी0एन0एस0 व 4/8/12 पाक्सो एक्ट—2012 में वांछित अभियुक्त <u>जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार।</u>

दिनांक 12—10—2024 को एस0टी0एफ0, उत्तर प्रदेश को थाना मानपाड़ा, जिला थाणे शहर, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0—1113/2024 धारा 64, 64(2)(एम), 351(3) बी0एन0एस0 व 4/8/12 पाक्सो एक्ट—2012 में वांछित अभियुक्त को जनपद गोरखपुर से गिरफ्तार करने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हुई।

<u>अभियुक्त का विवरणः—</u>

1— आकाश निषाद पुत्र घनश्याम निशाद (साहनी) निवासी रूम नं0—04 चाल नं0—01 किरन सेठ चाल, खोनी डोंबिबली पूर्व, थाना मानपाड़ा, जनपद ठाणे शहर महाराष्ट्र, हाल मुकाल, थाना भड़सार, तहसील सहजनवां, थाना गीडा, जनपद गोरखपुर।

गिरफ्तारी का स्थान दिनांक व समयः—

भड़सार चौराहे के पास, थाना गीडा, जनपद गोरखपुर दिनांक 12—10—2024 समय लगभग 18:00 बजे।

थाना मानपाड़ा, जिला थाणे शहर, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0—1113/2024 धारा 64, 64(2)(एम), 351(3) बी0एन0एस0 व 4/8/12 पाक्सो एक्ट—2012 से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश निषाद की गिरफ्तारी हेतु महाराष्ट्र पुलिस द्वारा एस0टी0एफ0 से सहयोग मांगा गया, जिसपर पुलिस उपाधीक्षक श्री धर्मेश कुमार शाही के पर्यवेक्षण में श्री सत्य प्रकाश सिंह निरीक्षक, एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई, गोरखपुर द्वारा अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

दिनांक 12—10—2024 को उप निरीक्षक श्री यशवंत सिंह, मु0आ0 महेन्द्र प्रताप सिंह, मु0आ0 अशोक कुमार सिंह, मु0आ0 आशुतोश कुमार तिवारी एस0टी0एफ0 फील्ड इकाई गोरखपुर एवं एपीआई श्री महेश राड़ेभात, पुलिस हवलदार सुनील पवार, पुलिस नायक रविन्द्र हासे महाराष्ट्र पुलिस टीम द्वारा अभिसूचना संकलन किया जा रहा था कि इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना मानपाड़ा, जिला थाणे शहर, महाराष्ट्र में पंजीकृत मु0अ0सं0—1113/2024 धारा 64, 64(2)(एम), 351(3) बी0एन0एस0 व 4/8/12 पाक्सो एक्ट—2012 से सम्बन्धित अभियुक्त आकाश निषाद भड़सार चौराहे के पास मौजूद हैं, यदि शीघ्रता किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास कर एसटीएफ टीम व महाराष्ट्र पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए वांछित अभियुक्त को उक्त स्थान से गिरफ्तार कर लिया गया।

विस्तृत पूछताछ एवं विवेचनात्मक कार्यवाही थाना मानपाड़ा, जिला थाणे शहर, महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जाएगी।

गिरफ्तार अभियुक्त को थाना गीडा, जनपद गोरखपुर में दाखिल किया गया। ट्रॉजिट रिमाण्ड एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही थाना मानपाड़ा, जिला थाणे शहर, महाराष्ट्र पुलिस द्वारा की जाएगी।